बरेली, गुरुवार
14 सितंबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण inext

PAGE NO,03 , MIDDLE

साइबर क्राइम से बचने के लिए रहें सावधान

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज मे बुधवार को साइबर क्राइम पर कार्यशाला आयोजित की गई. इस कार्यशाला मे मेडिकल कॉलेज के मेडिकल, पैरामेडिकल और नर्सिंग के सभी स्टूडेंट्स ने पार्ट लिया. क्राइम पुलिस स्टेशन के इंचार्ज नीरज सिंह ने साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया क्राइम और फाइनेंशियल क्राइम दोनो ही साइबर क्राइम मे आते है. यह इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के जरिए होने वाला क्राइम हैं. उन्होंने कहा कि लोग अपना ओटीपी या यूपीआई,पासवर्ड कभी भी शेयर न करें. कोई बार साइबर क्राइम मे लोगो के पास ओटीपी भी नही जाता. ऐसे मे बैंक से धनराशि निकलने की भी कोई जानकारी नही मिलती. कॉलेज के प्रिंसिपल एयरमार्शल डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. क्रांति कुमार, डॉ. जसप्रीत कौर आदि उपस्थित रहे.